प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 127/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"टैरिफ ऑफर्स के प्रकाशन में पारदर्शिता'' पर एक परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने की समय–सीमा को बढ़ाना।

नई दिल्ली, 26 दिसंबर, 2019ः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 27 नवंबर, 2019 को "टैरिफ ऑफर्स के प्रकाशन में पारदर्शिता'' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26 नवंबर, 2019 और प्रति–टिप्पणियों के लिए 9 जनवरी, 2020 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों के अनुरोध पर "टैरिफ ऑफर्स के प्रकाशन में पारदर्शिता'' पर टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर क्रमशः 23 जनवरी, 2020 और 6 फरवरी, 2020 की गई है। इसके बाद, टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय–सीमा को और बढ़ाए जाने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में श्री कौशल किशोर, सलाहकार (वित्त और आर्थिक विश्लेषण) को ईमेलः– advfeal@trai.gov.in पर भेजें।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, श्री कौशल किशोर, सलाहकार (वित्त और आर्थिक विश्लेषण) से टेलीफोन नंबरः+ 91–11–23230752/23236650 (फैक्स) पर संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)

सचिव, भादूविप्रा

**अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।**